3 चिड़िया

पीपल की ऊँची डाली पर
बैठी चिड़िया गाती है।
तुम्हें ज्ञात अपनी बोली में
क्या संदेश सुनाती है?

चिड़िया बैठी प्रेम-प्रीति की
रीति हमें सिखलाती है।
वह जग के बंदी मानव को
मुक्ति-मंत्र बतलाती है।

वन में जितने पक्षी हैं
खंजन, कपोत, चातक, कोकिल।
काक, हंस, शुक आदि, वास
करते सब आपस में हिलमिल।

सब मिल-जुलकर रहते हैं
सब मिल-जुलकर खाते हैं।
आसमान ही उनका घर है,
जहाँ चाहते जाते हैं।

उनके मन में लोभ नहीं है,
पाप नहीं, परवाह नहीं।
जग का सारा माल हड़पकर
जीने की भी चाह नहीं।

जो मिलता है, अपने श्रम से
उतना भर ले लेते हैं।
बच जाता तो औरों के हित
उसे छोड़ वे देते हैं।

सीमाहीन गगन में उड़ते
निर्भय विचरण करते हैं।
नहीं कमाई से औरों की
अपना घर वे भरते हैं।

वे कहते हैं–मानव! सीखो,
तुम हमसे जीना जग में।
हम स्वच्छन्द और क्यों तुमने
डाली है बेड़ी पग में।

पीपल की डाली पर चिड़िया
यही सुनाने आती है।
बैठ घड़ी भर, हमें चकितकर
गाकर फिर उड़ जाती है।

– आरसी प्रसाद सिंह

शब्दार्थ :

कपोत - कबूतर
शुक - तोता
काक - कौआ
स्वच्छन्द - स्वतंत्र
विचरण - घूमना-फिरना
कोकिल - कोयल
चातक - पपीहा
वास - रहना
बेड़ी - जंजीर
पग - पैर

प्रश्न-अभ्यास

पाठ से -

1. **चिड़िया पीपल की ऊँची डाली पर बैठकर क्या-क्या संदेश सुनाती है?**
2. **निम्नलिखित पंक्तियों के भाव स्पष्ट कीजिए ।**

(क) सब मिल-जुलकर रहते हैं
सब मिल-जुलकर खाते हैं।
आसमान ही उनका घर है,
जहाँ चाहते जाते हैं।

(ख) जो मिलता है, अपने श्रम से
उतना भर ले लेते हैं।
बच जाता तो औरों के हित
उसे छोड़ वे देते हैं।

3. **निम्नलिखित स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

(क) उनके मन में लोभ नहीं है।

जग का सारा माल हड़पकर

(ख) वे कहते हैं – मानव! सीखो,

हम स्वच्छन्द और क्यों तुमने

पाठ से आगे –

1. आजकल पक्षियों की संख्या कम होती जा रही है। इसे रोकने के लिए आप क्या सुझाव देना चाहेंगे?
2. कविता में से उन पंक्तियों को छाँटिए, जिनमें –

   (क) चिड़ियों को स्वच्छन्द रूप से खुले आकाश में उड़ने की बात की गई है।

   (ख) मनुष्य को दुश्मनी की भावना छोड़ने की बात कही गई है।
3. क्या चिड़िया के संदेशों के अनुसार मानव कार्य करते हैं? इस पर अपना विचार प्रस्तुत कीजिए।

व्याकरण –

1. इन शब्दों से वाक्य बनाइए –

   लोभ

   गगन

   जग

   संदेश

   पाप
2. 'ऊँची डाली, काली चिड़िया'। इन वाक्यों में ऊँची डाली की तथा काली चिड़िया की विशेषता बताता है। (संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं।) नीचे लिखे संज्ञा शब्दों की विशेषता बताने वाले विशेषण शब्द लिखिए।

   ....मानव

   ....पीपल

   ....आसमान

......................................पग
......................................जग
......................................हंस

3. 'चिड़ियाघर' इस शब्द में चिड़िया और घर दो शब्द आए हैं। इस तरह के और शब्द बनाइए।

रसोई ....
सिनेमा ....
डाक ....
अजायब ....
पार्सल ....
पूजा ....
भंडार ....
कूड़ा ....

कुछ करने को -

1. विभिन्न पक्षियों की सूची बनाइए एवं उनके चित्र बनाकर कक्षा में लगाइएA
2. यदि संसार में एक भी पक्षी नहीं हों तो आपको कैसा लगेगा? इस पर अपने विचार कक्षा में सुनाइए।
3. इसी प्रकार की कोई और कविता ढूँढ़िए और कक्षा में सुनाइए।